## खबर संक्षेप



### आईटीआई में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**नारनौल।** राजकीय आईटीआई में नैतिक शिक्षा पर जागरूक कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य कैप्टन विरेन्द्र सेकवाल ने मुख्य वक्ता कैप्टन जगमाल आर्य का संस्थान प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। कैप्टन जगमाल आर्य ने आईटीआई छात्रों को जीवन में सही आचरण करने की तथा विभिन्न नैतिक मूल्यों के अपनाने की शिक्षा दी। उन्होंने छात्रों को विभिन्न महापुरुषों के जीवन का परिचय करवाया तथा स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम करने, अपने से बड़ों का आदर करने के लिए प्रेरित किया।

### केमला के हनुमान मंदिर में भंडारा 2 को

**कनीना।** खंड के गांव केमला स्थित हनुमान मंदिर में दो जनवरी को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में मंदिर के सेवक धर्मपाल नम्बरदार ने बताया कि केमला-धनौंदा मार्ग पर बने हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस नववर्ष में भी ग्रामीणों की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भंडारे से पूर्व हवन किया जाएगा।

### रातां कलां में कल लगेगी रक्तदान शिविर

**मंडी अटेली।** एक जनवरी को नववर्ष के उपलक्ष्य में जय श्रीराम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रातां कलां में रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट राता के सदस्य राकेश कुमार व राजकुमार ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से लगातार यह तीसरा रक्तदान शिविर लगाई जाएगी।

### बाबा हरनाम गिरी का जागरण 4 को

**मंडी अटेली।** सागरपुर में 4 जनवरी रात्रि को बाबा हरनाम गिरी के जागरण तथा 5 जनवरी को मेले का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक समिति सदस्य प्रतिनिधि अनिल मेचू ने बताया कि मेले में खेल प्रतियोगिताएं होंगी।

# भुंगारका के चार रास्तों को 6 महीने पहले उखाड़कर पक्का निर्माण कराना भूला ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

भुंगारका गांव में रास्तों का पक्का निर्माण के टैंडर करीब सात महीने पहले छोड़े गए थे। वर्क आर्डर की प्रक्रिया पूरी होते ही ठेकेदार ने सूचीबद्ध चारों रास्तों को उखाड़ दिया। जिसे छह महीने बीत चुके, अभी तक ठेकेदार ने पक्का निर्माण शुरू नहीं करवाया है। गड्ढों में जलभराव होने के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। जिससे गुस्साए लोगों ने जिला उपायुक्त से तीन दिन में पक्का निर्माण शुरू करवाने की गुहार लगाई है। अन्यथा खंड मुखियालय पर धरने-प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी। इस बारे में दयानंद, राजपाल, राजेंद्र यादव, हंसराज, दरियाव सिंह, अशोक कुमार, लीलाराम आदि ग्रामीणों ने बताया कि सरकार ने भुंगारका पंचायत को विकास कायार्ें के लिए ग्रांट मुहैया करवाई थी। साथ ही ईटेंडर प्रणाली लागू कर दी, इसलिए विभाग ने विकास ग्रांट को पंचायत के अकाउंट से निकालकर पंचायत राज विभाग को भेज दिया। विभाग ने भुंगारका के चिन्हित रास्तों को कंपाइल करके पक्का निर्माण का टैंडर छोड़ा था। इस दौरान ठेकेदार को मापदंडों से अवगत करवाकर निर्धारित अवधि में काम पूरा करने के निर्देश दिए थे। वर्क आर्डर मिलने पर ठेकेदार ने जेसीबी की मदद से चारों रास्तों को उखाड़ दिया। एक-दो रास्तों में 3/4 फीट गहरा गड्ढा खुदवा दिया, जिनमें घरों से निकला हुआ गंदा पानी भर गया है। ऐसे में मकानों की दीवारों में सीलन आरंभ हो गई, कीचड़ में फिसलकर कई ग्रामीण घायल हो चुके हैं। इतना ही नहीं जलभराव में गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिनमें वाहन गिरने की संभावना बनी रहती है। समस्या से ठेकेदार को अवगत करवाकर जल्द निर्माण करवाने की गुहार लगाई थी, लेकिन उन्होंने कोई सकारात्मक जबाब नहीं दिया, इसके बाद विभाग के जेई और एसडीओ को शिकायत भेजी गई। ग्रामीणों ने शनिवार सुबह मिटिंग का आयोजन किया, ठेकेदार को तीन दिन में पक्का निर्माण कार्य शुरू करने का अल्टीमेटम दिया है। इसके बावजूद विभाग ने ग्रामीणों की समस्या पर अमल नहीं किया तो रोष प्रदर्शन किया जाएगा।

**ठेकेदार को जल्द निर्माण करवाने के दिए हैं निर्देश**

पंचायत राज विभाग के एसडीओ ने बताया कि भुंगारका में रास्तों का पक्का निर्माण करवाने के टैंडर छोड़े गए हैं। शनिवार सुबह ग्रामीणों से शिकायत मिली है कि छह महीने से ठेकेदार ने रास्तों को उखाड़कर छोड़ रखा है। उसे तत्परता पूर्वक रास्ते को पक्का कराने के निर्देश दिए हैं। बावजूद लापरवाही बरती गई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**नांगल चौधरी।** ठेकेदार की ओर से रास्ता उखाड़ने से उत्पन्न जलभराव की समस्या।

**मैटेरियल नहीं हो रहा उपलब्ध, जल्द करूंगा काम शुरू**

ठेकेदार सत्यवीर सिंह ने बताया कि क्रैशर बंद होने के कारण मैटेरियल उपलब्ध नहीं हो रहा है। जिस कारण लेबर से इधर का काम छुड़वाकर दूसरे टैंडर का काम शुरू करवा दिया था। इधर रास्ता उखाड़ने के कारण पानी निकासी की नालियां बंद हो गई। जलभराव होने से ग्रामीणों को परेशानी है, जल्द सारे रास्तों का पक्का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

- जलभराव रहने से मकानों की दीवारों में आने लगी सीलन ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना हुआ मुश्किल
- आक्रोशित लोगों ने धरने-प्रदर्शन का दिया अल्टीमेटम

## हरियाणा उदय मुहिम के तहत चलाया अभियान

# युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा एवं खेलकूद से जुड़ें : एसपी

पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने निजामपुर क्षेत्र के गांव धौलेड़ा में युवाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा उदय मुहिम के तहत नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में युवा व ग्रामीण जुडे. और नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद से जुड़े और दूसरों को भी प्रेरित करें। नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है, इसलिए इस समस्या से निजात पाने के लिए तथा नशे को जड़ मूल से समाप्त करने के लिए समाज के सभी लोगों को मिलकर सामूहिक प्रयास करना होगा, तभी हम पूरी तरह से नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना कर पाएंगे। उक्त विचार जिला के पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने शनिवार को निजामपुर क्षेत्र के गांव धौलेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं व आमजन को जागरूक करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान एसपी ने बताया कि पुलिस विभाग ने खेल विभाग के साथ मिलकर गांव धौलेड़ा में खेल प्रतियोगिताएं कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रयास है कि खेल विभाग के साथ मिलकर गांव में खेल के मैदानों में सुधार लाया जाए और खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक के दिशानिर्देशानुसार पुलिस की ओर से गांव में खेल प्रतियोगिताएं करवाकर युवाओं को पढ़ाई, खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि युवा पीढ़ी नशे व दूसरे अपराधों से दूर रह सकें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ने मुख्य अतिथि एसपी नितिश अग्रवाल का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद गांव के मौजिज व्यक्तियों ने डीएसपी जितेंद्र कुमार, निरीक्षक नरेश कुमार, थाना प्रबंधक एसआई धर्मबीर का भी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर गांव के स्टेडियम में वॉलीबॉल, रस्सा-कस्सी व 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रस्सा-कस्सी की प्रतियोगिता धौलेड़ा के युवाओं व पुलिस जवानों के बीच करवाई गई। जिसमें पुलिस की टीम ने जीत हासिल की। विजेता टीम को एसपी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता धौलेड़ा की टीमों के बीच करवाई गई। जिसमें चिंटू की टीम ने जीत हासिल की। इसके बाद लड़कियों की 200 मीटर की रेस में प्रियांशी ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय व प्रियंका ने तृतीय स्थान हासिल किया। लड़कों के जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में यश ने प्रथम, रोहित ने द्वितीय, रविदत्त ने तृतीय स्थान हासिल किया, 200 मीटर दौड़ में यश प्रथम, रोहित द्वितीय व शुभम तृतीय रहा। सीनियर वर्ग के लड़कों की 100 मीटर में अंकित ने प्रथम, विपिन ने द्वितीय व अमित ने तृतीय और 400 मीटर में तिलक ने प्रथम, जितेंद्र ने द्वितीय व अनीश ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को एसपी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत धौलेड़ा से सरपंच व मौजीज व्यक्तियों को पुलिस अधीक्षक ने मोमेंटो भेंट किया।



**नारनौल।** प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*



**नारनौल।** ग्रामीणों को संबोधित करते एसपी नितिश अग्रवाल। *फोटो : हरिभूमि*

# इंटर हाउस साइंस क्विज का आयोजन

- श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में कक्षा छठी से आठवीं तक इंटर हाउस साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में फाल्कन, कैस्ट्रल, इगल व हॉक चार हाउसों से विद्यार्थियों ने टीम के रूप में भाग लेकर अपने-अपने हाउस का नेतृत्व किया।

प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन में आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए कौशल व वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना है। जिससे बच्चों में ऐसी आत्मविश्वास की भावना पैदा होती है कि वह भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी विजय पताका फहरा सकते हैं। प्रतियोगिता का संचालन अध्यापक अत्तर सिंह व पंकज कुमार ने किया। स्कोरर की भूमिका अध्यापक राजेन्द्र यादव ने निभाई। प्रतियोगिता में 75 प्वाइंट लेकर फाल्कन हाउस ने विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता में समस्त अध्यापकगण व सभी हाउस मास्टर उपस्थित रहे। चेयरमैन राजपाल यादव ने कहा कि सभी विषयों में विद्यार्थियों की रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। मौके पर सीईओ अविनाश यादव आदि मौजूद रहे।



**नारनौल।** प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

# इंग्लिश क्विज में छात्रों ने लिया भाग

- बीपीएस स्कूल कुलताजपुर रोड में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बीपीएस स्कूल कुलताजपुर रोड के ऑल्ड लाइब्रेरी हॉल में अंतरसदनीय इंग्लिश क्विज प्राथमिक व मिडल स्तर पर आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी व सहसचिव डा. कर्ण चौधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस क्विज में संस्था के चारों सदन रूबी, एमरेल्ड, सैफायर व टोपेज से चार-चार छात्र-छात्राओं की टीमों ने भाग लिया। क्विज अंग्रेजी अध्यापक राजेश कटारिया व निर्मल सैनी की ओर से आयोजित करवाई गई। प्रतियोगिता में रूबी हाउस की टीम में शामिल खुशी, पूर्वा, भूमिका व जतिन ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मिडिल स्तर पर 175 अंक प्राप्त कर प्रथम, एमरेल्ड हाउस की टीम में शामिल हिताक्षी, जतिन, मनीष व जिया ने बहुत ही थोडे अंतर से 170 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर पर भी 120 अंकों के साथ रूबी हाउस की टीम में शामिल प्रार्थना, नव्या, मेघा, मानवी, शुभ्रा ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सैफायर हाउस की टीम में शामिल वैभव, लक्ष्य, मीहिका, आन्या, नव्या व भूमिका ने 85 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। दोनों स्तर पर रेणु गुप्ता व मंजीत कौर ने बेहतरीन प्रबंध किया।




**नारनौल।** विजेता विद्यार्थी व स्कूल स्टॉफ। *फोटो : हरिभूमि*

# प्रतिभा के विकास में खेलकूद का बहुत योगदान

- श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि रिटायर्ड प्राचार्य डॉ. बीआर यादव, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव व अध्यक्षता प्राचार्य अजीत सिंह ने की। डीपीई प्रीत्तम व भूपेंद्र ने बताया कि स्कूल में खेल प्रतिस्र्पधा खेलों का समापन किया गया। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय खेलों में 100 मीटर, 200 मी., 400 मी व 800 मी. दौड़, लांग जम्प, हाई जम्प, कबड्डी, वॉलीबाल, रिले रेश-400 मी. सहित विभिन्न खेलों आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के आगमन पर चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व प्राचार्य अजीत सिंह द्वारा बुक्का भेंटकर उनका स्वागत किया। इन खेलों का शुभारंभ अतिथि रिटायर्ड प्राचार्य एसएस यादव द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं मशाल जलाकर किया गया। अंडर-17 लड़के वॉलीबाल में प्रथम स्थान चंद्रशेखर आजाद हाउस तथा द्वितीय स्थान सरदार वल्लभ भाई पटेल हाउस, कबड्डी में अंडर-17 लड़के प्रथम स्थान सुभाषचंद्र बोस हाउस तथा द्वितीय स्थान चंद्रशेखर आजाद हाउस ने अर्जित किया। अंडर-17 गर्ल्स में खो-खो में भगत सिंह हाउस ने बाजी मारी तथा द्वितीय स्थान सुभाषचंद्र बोस हाउस ने प्राप्त किया। 800 मीटर रेस में सारिका, दिव्यांशी, जीविका ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 800 मीटर लड़कों में साहिल, ललित, हरीश ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। मटका रेस में निहारिका, प्रीति, शिवानी ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में खुशबू प्रथम, सारिका द्वितीय, खुशबू तृतीया तथा लंबी रेस में शिवानी प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय, इशिका नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य बीआर यादव ने कहा कि खेल सफल जीवन का आधार तथा आगे बढ़ने की एक विचारधारा है। डायरेक्टर केएन दास ने कहा कि श्रीकृष्णा ग्रुप के खिलाड़ी खेल स्पधाअर्ं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर एक नया आयाम स्थापित कर रहे हैं एवं अपनी अमिट छाप छोड़ रहे हैं।




**महेंद्रगढ़।** विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए।

## जजपा महेंद्रगढ़ हलके का अध्यक्ष बने

**महेंद्रगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन की मजबूती के लिए प्रदेश यूलबी सेल में विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की है। इस कड़ी में हल्का महेंद्रगढ़ से तीसरी बार रतनलाल सोनी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रतनलाल सोनी ने अपनी नियुक्ति पर जजपा हाईकमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम चौधरी दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह व यूलबी संयोजक ऋषि राज राणा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे खरा उतरने का कार्य करेंगे तथा पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। इसके अलावा निकाय स्तर पर पदाधिकारियों का



# एचपीएस स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता

- सोशल मीडिया का सदुपयोग व दुरुपयोग विषय पर प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में शनिवार को छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सोशल मीडिया का सदुपयोग व दुरुपयोग विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार हाउस ग्रीन हाउस, रेड हाउस, ऑरेंज हाउस, ब्लू हाउस के विद्यार्थियों के बीच करवाई गई। प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए।

निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के विषय, उच्चारण, भाव-भंगिमाओं एवं आवाज के उतार-चढ़ाव और प्रस्तुतीकरण के आधार पर प्रतिभागियों को अंक दिए। इस प्रतियोगिता में ब्लू हाउस से तनीषा, चहक, श्लोक, हर्ष प्रथम व ऑरेंज हाउस से हितांशी, नंदिनी, पलक द्वितीय व रेड हाउस से अक्षरा, मुकुंद सोनू, वंशिका तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में रेड हाउस से छात्रा अक्षरा को सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुना गया। प्रतियोगिता में आयोजक अध्यापक नीरज भारद्वाज व निर्णायक मंडल की भूमिका कमलकांत भारद्वाज, जय शेखावत व मुनेश ने निभाई। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने सोशल मीडिया ने हमारे जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसका अत्यधिक व अनियंत्रित उपयोग गंभीर लत का कारण बन सकता है।




**नारनौल।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

# सामान्य ज्ञान में मनीष ने मारी बाजी

- लंबोरिया एकेडमी बूढ़वाल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

लंबोरिया एकेडमी बूढ़वाल में प्राचार्य की अध्यक्षता में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विजेता रहे प्रतिभागियों को संस्था के प्रबंधक राजपाल लंबोरा ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को नियमित रूप से न्यूज पेपर पढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे देश-विदेश की घटनाक्रम को याद रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि एकेडमिक परीक्षा पास करने से ही नौकरी मिलना संभव नहीं। इसके लिए चयन बोर्ड की लिखित परीक्षा को पास करना जरूरी है। इस परीक्षा में एकेडमिक सवालों के साथ सामान्य ज्ञान, रीजनिंग, राजनीतिक व आर्थिक घटनाक्रम संबंधी सवाल पूछे जाते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को नियमित रूप से न्यूज पेपर पढ़ने की आदत डालनी चाहिए, क्योंकि न्यूज पेपरों में घटना का पूरा विवरण होता है, जिसे याद रखने में आसानी रहती है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में आयोजित होने वाली स्पर्धाओं से विद्यार्थियों का आत्मिक विश्वास बढ़ता है। इसके बाद प्रतिभागियों को तीन हाउसों में विभाजित करके स्पर्धा करवाई गई। जिनमें भगतसिंह हाउस के मनीष कुमार, हेमंत कुमार, शौर्य कुमार को प्रथम स्थान मिला। महात्मा गांधी हाउस की छात्रा निशा कुमारी, नेहा कुमारी, इसिका कुमारी को द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



**नांगल चौधरी।** प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्रबंधक राजपाल लंबोरा। *फोटो : हरिभूमि*

## केंद्र सरकार की योजना जल जीवन मिशन में होगा मंजूर


# सतनाली ब्लॉक के गांवों में जहां पेयजल सप्लाई की पाइप लाइन कम रह गई है, जल्द बनेगा एस्टिमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सतनाली ब्लॉक के जिन गांवों और ढाणियों में नाबार्ड की योजना में पाइप लाइन पूरी नहीं बिछाई गई है, उन सभी गांवों के पेंडिंग पाइप लाइन के एस्टिमेट जल्द तैयार किए जाएंगे।

विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह के जन संवाद कार्यक्रम में सतनाली ब्लॉक के विभिन्न गांवों के लोगों ने ये फीडबैक दिया था कि उनके गांवों में पेयजल सप्लाई की पाइप लाइन सभी गलियों में अभी नहीं बिछाई गई है। इसपर सांसद ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जिन गांवों में पाइप लाइन पूरी नहीं बिछाई गई, उनके एस्टिमेट जल्द से जल्द बनाकर मुख्यालय भेजे जाए। संदीप मालड़ा ने बताया कि उन्होंने विभिन्न गांवों के सरपंचों और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करके गांवों अनुसार कितनी लाइन बिछाई गई है तथा अभी कितनी और पाइप लाइन की आवश्यकता है, इसको लेकर विस्तार से चर्चा हुई थी। संदीप मालड़ा ने बताया कि इसी विषय को लेकर उन्होंने पंचकूला पहुंचकर जनस्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजीनियर से भी विस्तार से बातचीत की। चीफ इंजीनियर ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सतनाली ब्लॉक के सभी गांवों के पेंडिंग पाइपलाइन के एस्टिमेट एकसाथ भेजे जाएं तथा इस कार्य में तेजी लाई जाए। अभी तक चार ही गांवों में ये कार्य शुरू हुआ है तथा अभी लगभग एक दर्जन गांव में कोई शुरूआत नहीं हुई है। संदीप मालड़ा ने बताया कि जैसे ही एस्टिमेट मुख्यालय पहुंच जाएगा तो सांसद धर्मबीर सिंह के सहयोग से केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन में इसको मंजूर करवाया जाएगा, जिससे सभी गांवों में हर घर तक पीने का पानी पहुंच सके। केंद्र और राज्य सरकार का प्रयास है कि गांवों में हर घर तक पीने का पानी नल के माध्यम से पहुंचाया जाए। संदीप मालड़ा ने बताया कि हर गांव के सरपंच के साथ जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नक्शे में मार्क भी करवाएंगे कि कहां-कहां लाइन नहीं बिछाई गई है, जिससे किसी भी प्रकार की कोई कमी न रह जाए। नाबार्ड की स्कीम में जो पाइप लाइन बिछाई गई है। उसमें बहुत से गांवों में आवश्यकता के हिसाब से 50 प्रतिशत से भी कम लाइन बिछाई गई है। जल्द ही हर गांवों में हर घर तक नल के माध्यम से पीने का पानी पहुंचेगा।

# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन



## निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्स्र देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।

- बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह
- यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल
- अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं
- यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान
- निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें
- इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं
- बाजार के उतार-चढ़ाव से घराएं नहीं
- शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य
- जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान
- शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति



### अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

### दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

### अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

### घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



## सिर्फ 100 रुपये हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



सुझाव | बिजनेस डेस्क

- सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति
- नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड
- चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन
- म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपये खर्च करते हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड में 100 रुपये से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है. राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

### हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपये होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपये का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपये का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपये होगी।

### कैसे बनेगा करोड़ों का फंड

निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपये हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपये का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपये पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपये सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

### इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।

प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

***"रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।"***

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।



### ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

### ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

### यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसाः जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

## आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटीजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटीजेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

### बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

### सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

### कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपये तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपये से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

### फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपये प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

तैयारी | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपये तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

### कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपये खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपये का फंड जुटा लेंगे।



### इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपये जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपये भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

### पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपये हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपये यानी करीब 10 लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपये हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपये होगी।

### इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार, 31 दिसंबर, 2023

नववर्ष पर शहर को विधायक का तोहफा... 16



विकसित भारत संकल्प यात्रा से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा 16



## खबर संक्षेप

### कड़ाके की ठंड से नहीं मिली निजात

**कनीना।** क्षेत्र में शनिवार को लगातार पांचवें दिन कड़ाके की सर्दी होने से ठिठुरन बनी रही। दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से धुंध व कोहरा भी बना रहा। शिक्षण संस्थानों में जाने वाले विद्यार्थी ठिठुरते पहुंचे। ग्रामीण अलाव जलाकर सर्दी से बचाव करते दिखाई दिए। अत्यधिक ठंड के चलते रबी फसलों को फायदा हुआ है। सिंचाई कार्य के चलते एग्रीकल्चर फीडरों में बिजली की खपत बढ़ रही थी, ठंड होने से बिजली की खपत भी कम हुई है।

### युवक को पकड़ा, चिट्टा बेचने का आरोप

**नारनौल।** पुलिस ने चिट्टा बेचने के आरोप में एक युवक को पकड़ा है। उसके पास से 3.75 ग्राम चिट्टा भी मिला है। फिलहाल सिटी पुलिस ने इस नामजद आरोपित के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम 21 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को मुखबरी लगी थी कि मौहल्ला मिश्रवाड़ा वासी दिनेश कुमार उर्फ मोटा नशीला पदार्थ हरोईन (चिट्टा) बेचने का काम करता है। आज भी स्टेडियम से आगे श्मशान घाट के पास बिना नंबर प्लेट की बाइक पर बैठा है।

### घाटाशेर में बने पटाखा गोदाम में चोरी, केस दर्ज

**नारनौल।** गांव घाटोशर में एकांत जगह पर पटाखा गोदाम है। इस गोदाम में चोरी की वारदात होने की बात कहकर शिकायत दी गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। शहर में सिंघाना रोड वासी मुकेश निर्मल ने निजामपुर थाना में दी शिकायत में बताया है कि उसने पट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन फरीदाबाद द्वारा प्रदान लाइसेंस के तहत फर्म बालाजी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से गांव घाटाशेर में पटाखों की दुकान की हुई है। यह लाइसेंस पत्नी के नाम से है।

### युवकों पर लगाया मारपीट का आरोप

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के छात्र ने 10-15 युवकों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्र ने पुलिस थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर चार नामजद सहित 10 अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जासावास निवासी प्रदीप कुमार ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 25 दिसंबर को वह महेंद्रगढ़ के सरकारी कॉलेज में पेपर देकर कॉलेज से निकला तो 10-15 युवकों ने इक्ट्ठा होकर उसका अपहरण करने की कोशिश की।

### रामलीला परिषद् में राम भक्तों की हुई बैठक

**महेंद्रगढ़।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मंदिर उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के संदर्भ में रामलीला परिषद् में नगर के रामभक्तों द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया। नगर संयोजक दयाशंकर तिवारी एवं महावीर भांडोरिया पालक की देखरेख में आयोजित इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड के घर-घर में मैसेज देना, अयोध्या से आए हुए हैं।

### नर्सिंग ऑफिसर के साथ एक लाख ठगी

**नारनौल।** पुलिस ही नहीं बैंक की तरफ से भी अक्सर यह जागरूक किया जाता है कि बैंक से संबंधित कोई डिटेल फोन पर ना दें। बैंक किसी भी तरह उपभोक्ताओं से फोन पर डिटेल नहीं लेता है। फिर भी शातिर लोग भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसा रहे है। स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग आफिसर के मोबाइल में बैंक का एप नहीं चलने संबंधित अनजान कॉल आई।

---

होटल में आने वाले लोगों का विवरण रजिस्टर में दर्ज करना होगा

# न्यू ईयर की होटल में करनी है पार्टी तो लेनी होगी तीन जगह परमिशन
## पुलिस व आबकारी विभाग के बाद एसडीएम से भी लेनी होगी इजाजत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

न्यू ईयर सेलिब्रेशन करने के लिए इस बार प्रशासन से इजाजत लेनी होगी। जब लिखित में परमिशन मिल जाए तभी किसी होटल में नए साल की खुशी 31 दिसंबर या एक जनवरी को मनाएं। इस तरह के आदेश पुलिस विभाग ने जारी किए है। इन आदेशों पर नजर डाले तो पुलिस विभाग, आबकारी विभाग व एसडीएम से परमिशन मिलने के बाद ही नए साल की खुशी होटल में एकत्रित होकर मनाई जा सकती है।

**खास बातें**

- नाबालिग विद्यार्थियों का होटल में प्रवेश रहेगा प्रतिबंध
- होटल में आने वाले सभी लोगों का विवरण रजिस्टर में दर्ज करना होगा

### जब लिखित में परमिशन मिल जाए तभी होटल में नए साल की खुशी मनाएं

**होटलों में बिना अनुमति नही होगी पार्टी**

पुलिस विभाग का कहना है कि जिले में स्थित होटलों में बिना अनुमति के नए साल पर पार्टी नहीं होगी। लिक्वर पार्टी के लिए भी आबकारी विभाग से अनुमति लेनी होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार संबंधित विभाग से लाइसेंस निस्तारण की कार्रवाई कराई जाएगी। एसपी नितिश अग्रवाल ने इसको लेकर होटल संचालकों को निर्देश देते हुए कहा है कि नए साल पर पार्टी के आयोजन के लिए पुलिस विभाग, आबकारी विभाग व एसडीएम से अनुमति लेनी आवश्यक होगी। होटल में आने वाले सभी लोगों का विवरण रजिस्टर में दर्ज करना होगा। नाबालिगों, छात्र-छात्राओं का होटलों में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान कानून व्यवस्था का पालन करना होगा। किसी प्रकार का शोर शराबा करने, अफवाह फैलाने या सार्वजनिक स्थान पर कानून व शांति व्यवस्था भंग करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



नारनौल। होटल में जाकर रजिस्टर की जांच करते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### असामाजिक गतिविधियां पर रहेगी पैनी नजर : एसपी

पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने कहा है कि नववर्ष आगमन अवसर पर आम जनता द्वारा हषार्ेल्लास/जश्न मनाया जाता है। नए साल 2024 के शांतिपूर्ण जश्न मनाने व आमजन की सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए हैं कि सार्वजनिक स्थान और सड़क के किनारे शराब पीना, वाहनों के साइलेंसर से पटाखे फोड़ ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले मे विभिन्न स्थानों पर विशेष नाके लगाए जाएंगे और शराब के नशे में गाड़ी चलाने वालो की जांच की जाएगी। शरारती तत्वों द्वारा इस अवसर पर शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों एवं मागोंर् पर की जाने वाली हुडदंग बाजी और गतिविधियों को नियंत्रण करने के उद्देश्य से व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। जिला महेंद्रगढ़ में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात प्रभारी को उचित निर्देश दिए गए हैं। असामाजिक तत्वो की प्रत्येक गतिविधियों पर महेंद्रगढ़ पुलिस की विशेष पैनी नजर रहेगी।

### रात 10 बजे बाद नहीं बजेगा डीजे

सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक डीजे ना बजाया जाए। जिला में यह आदेश उपायुक्त ने भी जारी किए हुए है। ऐसे में रात 10 बजे के बाद डीजे ना बजाए। ऐसा करने पर डीजे संचालक, होटल संचालक पर भी पुलिस केस दर्ज कर सकती है।

---

क्रिटिकल केयर ब्लॉक को आयुष्मान योजना के तहत मिली मंजूरी

# नागरिक अस्पताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का होगा निर्माण

क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण से मरीजों को मिलेगी राहत,गंभीर बीमारियों का हो सकेगा उपचार





राजकुमार ⏭ नारनौल

स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला के लोगों के लिए राहत की खबर है। नागरिक अस्पताल में अब क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। इस ब्लॉक में मरीजों को गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। यह ब्लॉक सुचारु रूप से चलने पर नागरिक अस्पताल पर लगा रेफर का दाग धुलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि नारनौल में जिला स्तरीय नागरिक अस्पताल बना हुआ है। इस जिला स्तरीय अस्पताल में आमतौर पर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन गंभीर बीमारियों की यहां सेवाएं मूलतः नहीं मिल पाती हैं और मरीजों को अक्सर रेफर कर दिया जाता है। इस नागरिक अस्पताल को जब प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार थी, तब मल्टी स्पेशलिटी का दर्जा दिया गया था, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सुधार नहीं हो पाया था। हालांकि आपातकालीन एवं सिविल सर्जन कार्यालय के नई बिल्डिंग जरूर बनी। वर्तमान में नागरिक अस्पताल पुराने भवन में ही चलाया जा रहा है, जिसे लोक निर्माण विभाग ने कंडम घोषित किया हुआ है। इसी के मद्देनजर वर्तमान में जिला अस्पताल में नया सात मंजिला भवन तैयार किया जा रहा है, जिसमें 200 बैड का अस्पताल चलाया जाएगा। इस नए भवन के साथ ही नया ट्रामा सेंटर भवन भी तैयार किया जा रहा है, जिसका निर्माण तो पूरा हो चुका है, बस केवल इन्फ्रास्ट्रेक्चर यानि चिकित्सा संसाधनों की कमी बची है, जिसे शीघ्र चालू करने की उम्मीद है। इसी दौरान नागरिक अस्पताल में 100 बैड का क्रिटिकल केयर बनाने की खबर आई है, जिससे इलाके की जनता को जरूर राहत मिलेगी।

**यह कहते हैं निर्माण शाखा के इंचार्ज**

उप सिविल सर्जन-कम-भवन निर्माण शाखा के इंचार्ज डा. दिनेश कुमार ने बताया कि सरकार की नारनौल अस्पताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने की योजना है, लेकिन अब तक जगह की कमी के कारण यह फाइनल नहीं हो सका है कि इसे कहां बनाया जाएगा। अस्पताल की नई बिल्डिंग बनाई जा रही है, इसे उसी में चलाया जाएगा या नई बिल्डिंग बनाकर इसे संचालित किया जाएगा। इसके निर्माण के लिए नागरिक अस्पताल परिसर में कई जगह देखी गई हैं तथा हमने अपने स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक के पास नक्सा समेत पूरे क्षेत्रफल की जानकारी भेज रखी है। यह उच्च स्तर पर ही निर्णय लिया जाएगा कि इसे नागरिक अस्पताल में कहां बनाया जाए।

### आयुष्मान योजना के तहत बनेगा ब्लॉक

नागरिक अस्पताल में बनाया जाने वाला क्रिटिकल केयर ब्लॉक प्रधानमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रेक्चर मिशन के तहत बनाया जाएगा, जहां गंभीर हालत में पहुंचे मरीजों को ईलाज मिलेगा। इसके साथ ही इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी होगी, जिस कारण जांच के लिए मरीजों को निजी लैब नहीं जाना पड़ेगा। इसके लिए 4250 वर्ग मीटर जगह की आवश्यकता है। यह यूनिट 100 बैड की होगी, जिसमें क्रिटिकल केयर यूनिट में गंभीर रूप से बीमार रोगियों को रखा जाता है। उनकी देखभाल विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मचारी करते हैं। क्रिटिकल केयर यूनिट में हृदय रोग, सांस, हेड इंजरी, चोट, सर्जरी सहित अन्य बीमारियों के मरीजों का ईलाज हो सकेगा। यह यूनिट अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित होती है। यूनिट में आईसीयू, एचडीयू और पीआईसीयू की सुविधा होती है। वहीं इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब में कोरोना, डेंगू, चिकनगुनिया, एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम, कालाजार, डायरिया, टायफायड, हेपेटाइटिस, संचारी रोगों से जुड़ी जांचें और कैंसर, अल्जाइमर व अन्य सभी गैर संचारी रोगों की जांच होती है।

**यह कहते हैं सिविल सर्जन**



क्रिटिकल केयर ब्लॉक को गंभीर बीमारी या चोटों वाले मरीजों की अच्छे से देखभाल करने के लिए तैयार किया जाना है। यहां मरीजों की हर स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। यहां पर मल्टी स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम 24 घंटे मौजूद रहेगी। -डा. रमेश चंद आर्य, सिविल सर्जन, स्वास्थ्य विभाग, नारनौल।

### जगह की तलाश करना मुश्किल

नागरिक अस्पताल में बेशक से क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने की सरकार की योजना है, लेकिन यहां पर जगह की कमी आड़े आ रही है। जहां नागरिक अस्पताल बना है, वहां नागरिक अस्पताल का पुराना भवन सबसे बड़ा भवन है। इसके अलावा पुराना सिविल सर्जन कार्यालय एवं नया आपातकालीन वार्ड भी बना हुआ है। जहां नर्सिंग क्वाटर बने थे, उन्हें तोड़कर नया सात मंजिला अस्पताल भवन तथा ट्रामा सेंटर बना दिए गए हैं। ऐसे में नारनौल के स्वास्थ्य अधिकारियों के सम्मुख एकमुश्त 4250 वर्ग मीटर जमीन तलाश करना मुश्किल हो रहा है।

### इन जिलों में बनेंगे ब्लॉक

प्रदेश सरकार ने नारनौल के लिए क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्वीकृत करने के साथ-साथ प्रदेश के 13 जिलों में इनकी स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिनमें नारनौल के अलावा रेवाड़ी, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, पानीपत, भिवानी, चरखी दादरी, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, सिरसा एवं यमुनानगर शामिल हैं। प्रत्येक जिले में एक यूनिट में 100 बैड की व्यवस्था होगी।

---

# रास्ता दिलाने को धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय के सामने धरने पर बैठी महिला व उनके परिजन।

गांव चितंलाग निवासी महिला प्लाट के लिए रास्ता दिलाने की मांग को लेकर शनिवार को भी लघुसचिवालय में धरने पर बैठी रही। एसडीएम हर्षित कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर भेजकर जायजा लिया और कहा कि वह लिखकर दे पूरी कार्रवाई करवाएंगे। शनिवार को भीम आर्मी की रेवाड़ी की यूनिट ने धरना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित का हालचाल पूछा और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। महिला का कहना है कि जब उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती वह परिवार के साथ लघु सचिवालय के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर रहेगी। बता दें कि गांव चितलांग निासी महिला कृष्णा देवी का प्लाट का गेट पंचायती रास्ते की ओर निकालने को लेकर गांव के कुछ लोगों के साथ विवाद चल रहा हैं। इस मामले में पीड़ित महिला काफी समय से अधिकारियों के चक्कर लगा रहीं हैं। लेकिन महिला की कहीं सुनवाई नहीं हो रहीं हैं। मंगलवार की शाम से महिला ने अपने परिवार के साथ लघु सचिवालय के सामने धरना शुरू किया था। महिला तथा उनके परिवार के सदस्यों ने सर्दी मौसम होने के बावजूद भी खुले आसमान के नीचे रात बिताई हैं। महिला का कहना है कि उनके पास जमीन संबंधी सभी कागजात हैं। इसके बावजूद भी उन्हें मैन रास्ते की ओर प्लाट का दरवाजा नहीं निकालने दिया जा रहा हैं। गांव के कुछ लोगों की ओर से उनके प्लाट के आगे रास्ते रोक दिया गया है तथा उसके साथ मारपीट भी की गई। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद एक फिर से आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की थी।

## अक्षत कलश का नारनौल में किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। अक्षत कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

शनिवार प्रातः मां चामुंडा देवी मंदिर में श्रीराम मंदिर भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास से आए हुए पूजित अक्षत कलश को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सावंत सिंह गोद ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति नारनौल नगर को सैंकड़ों रामभक्तों की उपस्थिति में सौंप दिया। समिति ने कलश का पूजन करने के बाद मां चामुंडा देवी से महावीर चौक, नलापुर से वापिस मां चामुंडा देवी के मंदिर तक पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा रामभजनों पर नाचते-गाते व झूमते हुए निकाली। इस दौरान नगर में अनेक सामाजिक संस्थाओं और लोगों ने पुष्प वर्षा की। अनगिनत लोगों ने कलश के दर्शन किए। कुछ जगह पर आतिशबाजी भी की गई। पूजित अक्षत को अब अन्य 18 कलशों मे वितरित करके विहिप की दृष्टि से बनाई गई नगर की 18 बस्तियों की उपसमितियों को सौंप दिया जाएगा। बस्ती की उपसमिति पूजित अक्षत को निमंत्रण के रूप में एक जनवरी से 15 जनवरी तक नगर के घर-घर तक पहुंचाएंगी और 22 जनवरी को जब श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी, उस दिन को दीवाली की तरह मनाने का आग्रह करेगी, जिसमें कम से कम पांच दीपक अवश्य जलाये जाएंगे।

### पीपीपी में जल्द करवाएं बच्चों के नाम अपडेट

**मंडी अटेली।** खंड विकास एवं पंचायत विभाग सिहमा का कहना है कि पीपीपी पोर्टल पर बहुत से परिवार पहचान पत्रों में बच्चों का नाम सही नहीं है। पीपीपी में बच्चों के वास्तविक नाम की जगह बेबी ऑफ करके माता-पिता का नाम लिखा हुआ है। इस कारण पीपीपी में आपत्ति लगने की संभावना बनी हुई है। विभाग का कहना है कि जिनके परिवार पहचान पत्र में ऐसा है तो वे तुरंत अपने बच्चे का वास्तविक नाम दर्ज करवाएं। यह कार्य पीपीपी धारक स्वयं भी कर सकते हैं या फिर अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर करवाना होगा। सिहमा खंड के जोनल मैनेजर इंद्रपाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में जल्द बच्चों के नाम अपडेट करवाएं। अन्यथा सुविधाएं बंद हो सकती हैं। पीपीपी पोर्टल पर ये भी ऑप्शन जारी हो गए हैं। अब किसी सदस्य का नाम कटवाना आसान हो गया है। पहले यह ऑप्शन नहीं था।

---

पोर्टल पर शत-प्रतिशत हाजिरी का लक्ष्य पूरा करने के लिए सौंपी जिम्मेदारी

# पोर्टल पर नहीं लगी हाजिरी तो होगी सख्त कार्रवाई

- निदेशालय ने पत्र जारी कर प्रभारियों को पोर्टल पर हाजिरी दर्ज करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की एमआइएस पोर्टल पर हाजिरी को लेकर सख्त हो गया है। निदेशालय ने पत्र जारी कर प्रभारियों को पोर्टल पर हाजिरी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। शत प्रतिशत हाजिरी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बीईओ से लेकर डीईओ तक निगरानी करेंगे। यदि किसी स्कूल में हाजिरी पोर्टल पर नहीं लग रही है तो अधिकारियों को उस स्कूल मुखिया से हाजिरी लगाना सुनिश्चित कराना होगा। बार-बार कहने के बाद यदि कोई स्कूल मुखिया हाजिरी नहीं लगाते है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह स्कूलों का निरीक्षण करना होगा। बता दें कि पिछले दिनों शिक्षा विभाग फरलोबाज विद्यार्थियों सहित अध्यापकों पर शिकंजा कसने के लिए पोर्टल पर हाजिरी लगाने की योजना लेकर आया है। इसके लिए सभी स्कूलों के नाम व कोड नंबर से लॉगिंग आईडी प्रभारियों को दी गई है। इस एमआईएस पोर्टल (प्रबंधन सूचना प्रणाली) पर रोजाना हाजिरी दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन आदेशों के बावजूद भी काफी संख्या स्कूल में पोर्टल पर हाजिरी दर्ज नहीं कर रहे थे। पोर्टल पर हाजिरी न लगाने को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। विभाग ने शत प्रतिशत हाजिरी पोर्टल पर लगाना सुनिश्चित कराने के लिए बीईओ व डीईओ को जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं विभाग के एक्शन मोड में आने से स्कूल प्रभारियों में भी हड़कंप मच गया है। सभी आनन-फानन में हाजिरी पोर्टल पर अपडेट करने में जुट गए हैं।



खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

**यह दिए निर्देश**

खंड शिक्षा अधिकारी अलका ने बताया कि विभाग ने बच्चों की हाजिरी एमआइएस पोर्टल लगवाने के निर्देश दिए हुए है। मुख्यालय के आदेशों के अनुसार एमआइएस पोर्टल पर हाजिरी लगवाई जा रही है। प्रतिदिन पोर्टल पर लगने वाली हाजिरी का मूल्यांकन किया जा रहा है। वहीं स्कूलों का निरीक्षण करके शिक्षकों को पोर्टल पर हाजिरी लगाने के लिए प्रोत्साहित भी कर रहे है।

### परीक्षा की तैयारियों का मूल्यांकन करेंगे अधिकारी

इस वर्ष विभाग के उम्मीद के अनुसार राजकीय स्कूलों का बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम नहीं आया था। विभाग ने इस वर्ष इसमें सुधार करने की कवायद शुरू कर दी है। प्रत्येक जिले को बोर्ड परीक्षा को लेकर लक्ष्य दिया है। विभाग ने अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का मूल्यांकन करेंगे। जहां पर भी कमियां मिलेगी, उसमें सुधार करवाया जाएगा।

## पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ठगे एक लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- पुलिस ने चार पर किया मुकदमा दर्ज, तहकीकात जारी

सजग रहे। अनजान लुभावने मैसेज से शातिर आपकी जेब से पैसा निकाल रहे है। ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला है। एक युवक को पार्ट टाइम जॉब देने की बात कहकर टास्क करने को कहा। एक-दो बार होने के बाद उसके खाता में पैसा भेजा गया ताकि विश्वास बन जाए। फिर एक के बाद एक करके पैसा मंगवाते रहे और एक लाख रुपये की ठगी कर ली। अब पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर नामजद विजया बादाम, विधान सिंह, असाना कपूर, राजेश कुमार साहु के खिलाफ आईपीसी की धारा 406,420 के तहत साइबर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। गांव उष्मापुर वासी अंकुर यादव ने शिकायत में बताया है कि नामजद मोबाइल पर 233534547996 से मैसेज आया। उसने पार्ट टाइम जॉब देने को कहा और टास्क पूरे करने को कहा गया था। उन टास्क में होटल रिव्यू लिखने को कहा गया। शुरू में तीन होटल के नाम भेजे और रिव्यू लिखने को कहा। तीनों होटलों में रिव्यू लिखने के बाद उनको भेज दिए। जिसके बदले उन्होंने 150 रुपये भेजे। उसके बाद चार ओर होटलों के रिव्यू लिखने को कहा। ऐसा करने पर खाता में 200 रुपये भेजे। अब उन्होंने कहा कि उनके खाते में 1000 रुपये भेजने होंगे। उसके बाद अगले होटल का नाम रिव्यू लिखने के लिए भेंजेंगे। उनके खाते में 1000 रुपये भेजे।

## खबर संक्षेप

### लेखाकार भानीदेवी विकास विभाग से सेवानिवृत्त

**नारनौल।** केशवनगर निवासी लेखाकार भानी देवी विकास एवं पंचायत विभाग से अपनी 36 वर्ष की बेदाग सर्विस पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्ति हुई। इस अवसर पर सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान, प्रमुख सलाहकार एवं पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर, सर्व समाज के महासचिव व अन्य मौजूद रहे।

### जोरसिया को राष्ट्रीय स्टार प्रचारक की मिली नियुक्ति

**महेंद्रगढ़।** समाजसेवी सुंदरलाल जोरसियां को राष्ट्रीय स्टार प्रचारक की नियुक्ति मिली है। सुंदरलाल जोरासिया ने पॉपकॉर्न फिल्म प्रोडक्शन के नेशनल कोऑर्डिनेटर जागेराम लक्ष्य की छत्तीसगढ़ की विधायिका कामदा जोल, प्रोड्यूसर डी. एनसाहू एवं एके साहू का धन्यवाद किया है। उसे नियुक्ति मिलने पर पर खुशी जाहिर की है।

### नसीबपुर में माता की चौकी का आयोजन

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार के तत्वावधान में शुक्रवार रात को माता रानी की चौकी दिनेश टांडू के पौते के जन्मदिन के अवसर पर उनके निवास स्थान नसीबपुर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता टाईगर क्लब परिवार के मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने की। माता रानी की चौकी में मुख्य यजमान दिनेश टांडू व उनकी पत्नी भावना यादव रहे। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र बंसी, मुख्य संरक्षक राकेश यादव व अन्य मौजूद रहे।

### पत्रकार की माता के निधन पर जताया शोक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप बालरोडिया की माता लाडो देवी के निधन पर शनिवार को अनेक सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी। पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने उनके निवास पर पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि माता का स्थान सबसे ऊपर है।

### वृद्ध सम्मान समारोह 13 जनवरी को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान दुलीचंद शर्मा ने बताया कि किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में संगठन नारनौल की ओर से हर वर्ष की भांति 13 जनवरी को सुबह 10:30 बजे वृद्ध सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आयु के 90 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा।

### छात्राओं को स्वच्छता किट किए वितरित

**नारनौल।** रोटरी क्लब सिटी एवं रोटरी क्लब बेलाज की ओर से शनिवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रोटरी केयर्स फोर यू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की सभी बालिकाओं ने हिस्सा लिया और रोटरी बेलाज की महिलाओं ने छात्राओं को स्वच्छता व हाइजीन के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वच्छता किट तथा विंटर क्रीम व लोशन इत्यादि वितरित किए। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

### सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय व सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय की ओर से सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने हेल्थ, लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट, एग्रीकल्चर, संचार एवं परिवहन, कम्प्यूटेशनल थिंकिंग विषय पर मॉडल, पोस्टर बनाकर व रोल प्ले करके अपनी प्रतिभा दिखाई। सभी विद्यार्थी अलग-अलग वगार्ें में खंड स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर रहे थे।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में 150 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा प्रदेश स्तर के लिए दस का किया गया चयन, दिखाएंगे प्रतिभा

## विद्यार्थियों ने हेल्थ, लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट व अन्य विषयों में दिखाई प्रतिभा

### छात्रों ने मारी बाजी

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्ञानसिंह, जिला परियोजना समन्वयक संतोष कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष सामरिया, स्कूल प्राचार्य मानसिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सोसाइटी था। इसमें हेल्थ, लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट, एग्रीकल्चर, ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन, कंप्यूटेशनल थिंकिंग आदि पर अलग-अलग स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल को पेश किया। विज्ञान प्रदर्शनी में साइंस मॉडल, रोल प्ले एवं पोस्टर मेकिंग पर विद्यार्थियों की प्रतियोगिता हुई। कक्षा छह से आठवीं व नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों को अलग-अलग वगार्ें में रखा गया था। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 2000 रुपये व द्वितीय पुरस्कार 1800 रुपये दिए जायेंगे। कुल 60 विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि के रूप में एक लाख 14 हजार रुपये दिए जाएंगे, जो कि उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्ञानसिंह, जिला परियोजना संयोजक संतोष कुमार, उपजिला शिक्षा अधिकारी सुभाष सामरिया ने सभी 60 विजेता बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।



नारनौल। प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीईओ सुनील दत्त। फोटो: हरिभूमि

### यह विद्यार्थी लेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग

मॉडल मेकिंग में कक्षा छह से आठवीं वर्ग में हेल्थ विषय पर भव्या यादव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल, लाइफस्टाइल फॉर एन्वायरनमेंट विषय पर मनीष राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौंगड़ा अहीर, एग्रीकल्चर विषय पर युवराज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुसनौता, कम्युनिकेशन एंड ट्रांसपोर्ट विषय पर कमल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोथल कलां, कंप्यूटेशनल थिंकिंग विषय पर मुकुल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोथल कलां से भाग लेंगे।

### 10 विद्यार्थी लेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग

मॉडल मेकिंग में प्रथम स्थान पर रहे जिले के 10 विद्यार्थी राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लेंगे। यह प्रदर्शनी जनवरी में आयोजित की जाएगी। इस दौरान प्रदेशभर से विद्यार्थी अपने-अपने मॉडल लेकर प्रतियोगिता में प्रदर्शित करेंगे।- रविंद्र कुमार, जिला विज्ञान विशेषज्ञ महेंद्रगढ़।

### वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए किया आयोजन

विज्ञान एवं गणित के बच्चों, शिक्षकों व आमजन के बीच वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित और विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। सभी विजेता विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षको को बधाई। राज्य स्तर पर भाग लेने वाले प्रतिभागी मॉडल प्रदशित करेंगे।

## विधायक राव दानसिंह ने किया ऐलान

# पार्क में बैडमिंटन कोर्ट, योगा सेंटर का निर्माण करवाएंगे

चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क के लिए निजी कोष से पैसे दिए जाएंगे।

महेश कुमार ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के एकमात्र चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा में अब लोगों को पार्क में घूमने के साथ अन्य कई सुविधाएं मिलेगी। विधायक राव दानसिंह की ओर से अपने निजी कोष से पार्क में तीन दुकान, योगा सेंटर व बैडमिंटन का निर्माण कराया जाएगा। पार्क में बनने वाली तीन दुकानों में एक जूस की दुकान, एक अखबार रीडिंग की दुकान तथा एक गरोसरी की दुकान खोली जाएंगी। नववर्ष से पार्क इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। बता दें कि शहर का एकमात्र चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क करीब 11 साल पूर्व बनाया गया था। इस पार्क का उद्घाटन तत्कालीन सीएम चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 20 मई 2012 को किया था। पार्क को दस एकड़ भूमि में विदेशी घास एवं पौधों के साथ विकसित किया गया था। पार्क में बच्चों के लिए झूले भी लगाए गए थे, लेकिन पिछले कुछ समय पार्क में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर शहर के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। पार्क में घूमने आने वाले लोग लगातार नगर पालिका ने पार्क में सुधार की मांग कर रहे थे। लोगों की मांग को देखते हुए नगर पालिका की ओर से करीब 10 दिन पहले पार्क के रखरखाव के लिए 16 लाख रुपये का टेंडर जारी किया था। वहीं अब विधायक की ओर से पार्क की सुविधाओं में बढोत्तरी की है।



महेंद्रगढ़। इस जगह पर बनाई जाएंगी योगा सेंटर व बैडमिंटन कोर्ट।

### नव वर्ष से शुरू होगा काम

पार्क में बस स्टैंड की तरफ खाली पड़ी जगह में तीन दुकानों के अलावा बैडमिंटन कोर्ट व योगा सेंटर बनाया जाएगा। सबसे पहले इस जगह में करीब ढ़ाई से तीन फीट मिट्टी डाली जाएगी। नव वर्ष से मिट्टी डालने का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके बाद दुकान का निर्माण व बैडमिंटन कोर्ट व योगा सेंटर का निर्माण किया जाएगा। पार्क में बनने वाली दुकानों को किराए पर दिया जाएगा, जिसमें न्यूज पेपर रीडिंग की सुविधा व पार्क में घूमने आने वाले बच्चे को खाने पीने की वस्तुएं भी मिलेगी। हालांकि अभी तक पार्क का निर्माण अस्टिमेट नहीं बनाया गया, लेकिन विधायक द्वारा ठेकेदार को जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कहा गया। विधायक का कहना है इसमें जो खर्च आएगा, उसे वह स्वयं वहन करेंगे।

### लोगों को मिलेगा काफी फायदा



विधायक राव दानसिंह का कहना है कि उनकी सरकार के कार्यकाल में लोगों की मांग पर शहर में भव्य का निर्माण किया गया था। अब लोगों की मांग पर पार्क में दुकाने, योगा सेंटर व बैडमिंटन कोर्ट बनाया जा रहा है। पार्क को अभी मरम्मत की भी आवश्यकता है। ठेकेदार को पार्क दीवार व अन्य कार्य को निर्देश दिए है। पार्क में जो कमियां हैं, उनको दूर किया जाएगा।

# शिविर में 205 मरीजों की जांच

- अरनव राव मेमोरियल जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल ने पोता में लगाया कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अरनव राव मेमोरियल जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल की ओर से जिला प्रशासन, रेडक्रॉस सोसायटी, स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के विभिन्न गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर समय रहते उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है, ताकि मरीज गंभीर बीमारी आने से पहले ही अपनी शारीरिक समस्याओं से अवगत होकर अपनी बीमारी का समय से उपचार ले सकें। इसी कड़ी में शनिवार को गांव पोता में निःशुल्क परामर्श व चिकित्सा शिविर में 205 रोगियों की जांच की गई। अरनव राव मेमोरियल जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल की टीम ने शिविर में आए मरीजों के ह्रदय गति, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी व अन्य टेस्ट कि गए।



नारनौल। कैम्प में रजिस्ट्रेशन करवाते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि



### नरेश कुमार बने प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक प्रधान, सुनील कुमार उपाध्यक्ष

**नांगल चौधरी।** प्राथमिक राजकीय शिक्षक संघ की बैठक हरपाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें ब्लॉक की पुरानी कार्यकरिणी को भंग करके दुबारा गठन किया गया है। इस दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श करके सरकार को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि ब्लॉक कार्यकारिणी का चुना सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें नरेश कुमार प्राथमिक पाठशाला नांगल चौधरी को प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई। सलीमपुर स्कूल के शिक्षक सुनील कुमार को उप प्रधान का कार्यभार दिया गया। रोपड़ सराय स्कूल के विजय कुमार को सचिव तथा पूर्ण सिंह नांगल सोडा स्कूल को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

### न्याय संहिता बिल के विरोध में उतरे कर्मी

**नारनौल।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन संबंधित एटक के राज्य प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल, राज्य महासचिव जयबीर घनघस एवं नारनौल डिपो प्रधान अनिल भीलवाड़ा ने जारी संयुक्त प्रेस ब्यान में बताया कि केंद्र सरकार द्वारा गत 26 दिसंबर को लोकसभा में न्याय संहिता बिल पारित किया गया है। इस बिल का यूनियन चालक हित में विरोध करती है, क्योंकि इस बिल के लागू होने से देशभर के चालक बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बिल में प्रावधान किया है कि वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्तपाल तक ईलाज के लिए पहुंचाना होगा।

# यदुवंशी स्थापना दिवस 14 को

- मकर संक्रांति पर नई अनाज मंडी चरखी दादरी में होगा समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन अपना 29वां स्थापना दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनायगा, जिसका आयोजन 14 जनवरी मकर संक्रांति पर्व पर प्रातः 10 बजे नई अनाज मंडी चरखी दादरी में किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरेंगे। स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह इन दिनों हल्का सूरजगढ़ (राजस्थान) के गांवों का दौरा कर विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित कर निमंत्रण प्रदान कर रहे हैं। हल्का सूरजगढ़ के गांवों में चूड़ीना, श्योपुरा, कांकड़ा, ढाणी भालोठ, भालोठ, निहालोठ, मेघपुर, पाथड़ोली, सांतौर, बामनवास, देवलावास, ढाणा, रसूलपुर अहीरान, शिवसिंहपुरा, सहड़ का बास, इंद्रसर, भिर्र, पचेरी कलां, पचेरी, खुर्द, नावता, नावता की ढाणी, गूंति, पथाना, निहालोठ की ढाणी, रायपुर अहीरान तथा ढाणी रायपुर गांव मुख्य रूप से शामिल रहे। सभी गांवों में राव बहादुर सिंह ने विशिष्ट व्यक्तियों को कंबल व शॉल भेंटकर उनका सम्मान किया तथा कहा कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन अपना स्थापना दिवस समारोह मना रहा है, जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं। यदुवंशी एक लंबे समय से प्रदेश में सुसंस्कारित शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को दक्षता हासिल करवाकर उनका स्वर्णिम भविष्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि राव जातिगत, क्षेत्रवाद एवं धार्मिक भेदभाव से ऊपर उठे हुए एक सच्चे इंसान हैं। इस अवसर पर कंवर सिंह चेयरमैन, पूनम देवी जिला पार्षद, जीवन राम, सत्यवीर झूकिया सहित अन्य मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते राव बहादुर सिंह। फोटो: हरिभूमि

# मनोज बूचौली बने जिला प्रधान महासचिव

- युवा जेजेपी ने की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सिंघाना रोड स्थित जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय में युवा जेजेपी की मीटिंग युवा जिलाध्यक्ष युद्धवीर राव पालड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने युवा जेजेपी की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। प्रेस को यह जानकारी देते हुए जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि युवा जिला कार्यकारिणी का गठन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान एवं प्रदेश प्रभारी सुनील राणा के दिशा-निर्देशानुसार किया गया है। जिला प्रवक्ता ने बताया कि मनोज कुमार बूचौली को युवा जेजेपी का जिला प्रधान महासचिव बनाया गया है। इसी प्रकार योगेश आदलपुर एवं दीक्षांत गहली को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। पवन आकोदा, अमित आकोदा, मनोज गागड़वास, अनिल बूचौली, राकेश कुमार पटीकरा, अनिल सैनी कोजिंदा, अंकित राता, रोहित यादव दौंगड़ा अहीर, मनसुख मूसनौता तथा सतीश कुमार मारोली को युवा जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार रवि माजरा कलां, आशीष भगडाना, आनंद सैनी महेंद्रगढ़, वीर निंभेड़ा, धर्मबीर सैनी ढाणी किरारोद वार्ड नंबर एक, रमेश गहली, दीपक यादव दौंगड़ा अहीर, नवदीप रसूलपुर, राहुल बनिहाड़ी एवं राजेश मोरूंड को जिला महासचिव बनाया गया है। कृत्रिम आदलपुर, नवदीप निहालावास, लोकेश खायरा, कपिल महेंद्रगढ़, लोकेश सैनी पिराणा, प्रेम दिल्ली की ढाणी, सुरेंद्र दौंगड़ा अहीर, विकास दौंगड़ा अहीर, विकास कालबा तथा अशोक कुमार नांगल दर्गू को जिला सचिव बनाया गया है। राहुल सोनी झगड़ोली को जिला संगठन सचिव तथा कुलदीप जांगड़ा महरमपुर को जिला प्रचार सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है।



नारनौल। सिंघाना रोड जेजेपी के जिला कार्यालय में मीटिंग लेते युवा जिला प्रधान युद्धवीर राव पालड़ी। फोटो: हरिभूमि

### वर्कर्स मांगों को लेकर कल करेगी प्रदर्शन

**नारनौल।** मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी की अपनी मांगों को लेकर एक जनवरी को प्रदर्शनी करेगी। इस बारे में यूनियन की जिला प्रधान सुनीता जांगड़ा व पूर्व प्रधान बिमला, जिला सचिव संतोष यादव ने बताया कि मिड-डे-मील कुक कम हेल्पर्स से 1500 रुपये सालाना प्रीमियम लेकर चिरायु योजना में शामिल करने के प्रदेश सरकार के निर्णय के विरोध व वेतन भुगतान हर माह समय पर सुनिश्चित किए जाने की मांग को एक जनवरी को प्रदेश सरकार के नाम का ज्ञापन उपायुक्त को सौंपेंगी। इस संबंध में ब्लॉक प्रधान माया, अटेली ब्लॉक प्रधान प्रेमलता, कनीना ब्लॉक प्रधान सुमित्रा, महेंद्रगढ़ ब्लॉक प्रधान हेमलता, नांगल चौधरी ब्लॉक प्रधान रौशनी, राज्य सलाहकार पुष्पा, उपप्रधान संतोष पालड़ी, स्नेहलता, मुनेश, राजेश, सरोज, इन्द्रा व अन्य मौजूद रहीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने लोगों को शपथ दिलवाई

# यात्रा के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा

- निदेशालय ने पत्र जारी कर प्रभारियों को पोर्टल पर हाजिरी दर्ज करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शनिवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव लावन व मालड़ाबास, कनीना खंड के गांव रसूलपुर तथा अटेली खंड के खैरानी गांव में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव लावन व मालड़ाबास में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं रसूलपुर में ब्लॉक समिति अध्यक्ष जयप्रकाश तथा खैरानी में समाज कल्याण विभाग बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमार शर्मा ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि आज सरकार आपके गांव में पहुंची है, इस यात्रा में विभिन्न विभागों की ओर से आए अधिकारी आप लोगों की समस्याएं सुनेंगे व उन समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से जो व्यक्ति वंचित रह गया था, उन्हें योजनाओं का लाभ देने का ही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज देश में करोड़ों लोग आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आम आदमी के कार्य आसानी से हो रहे हैं। सरकार ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया है।



नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा। फोटो: हरिभूमि

### सोमवार को यहां यात्रा

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा एक जनवरी को महेंद्रगढ़ खंड के गांव दुलोठ अहीर व निम्बीए अटेली खंड के राता खुर्द व राता कलां, नारनौल खंड के भूषण खुर्द व शोभापुर तथा नांगल चौधरी खंड के अमरपुरा व बुढ़वाल गांव में जाएगी। जिला प्रशासन ने इन गांव में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली है, ताकि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना व सेवाएं लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।